पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 9 दिसंबर 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद के चुनाव में अभाविप की ऐतिहासिक जीत

गोवा विवि छात्रपरिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विनय राउत और सचिव पद पर अंशुल सिनारी समेत सभी 9 पदों पर अभाविप ने लहराया परचम

गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद के चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सभी 9 पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर विनय राउत, सचिव पद पर अंशुल सिनारी, छात्र प्रतिनिधि के पद पर खुशी देसाई व सदस्य पद पर ओम सिंह, मल्लिकेश गावसदेसाई, सियेना बन्याटो, सुधांशु नायक, साईनिश फलदेसाई व श्रीरंग वझे ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता देशभर के विभिन्न-विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ अथवा छात्र परिषद के चुनावों में निरंतर विजयी हो रहे हैं, यह देशभर के समस्त विद्यार्थी समुदाय में अभाविप की सक्रियता, लोकप्रियता व स्वीकार्यता का परिचायक है।

गोवा विश्वविद्यालय में सभी पदों पर विद्यार्थी परिषद की यह ऐतिहासिक जीत अभाविप के कार्यकर्ताओं की कर्मठता, सक्रियता, व संगठन कौशल का उदाहरण है। जहाँ एक ओर कुछ संगठन केवल चुनावों में सक्रिय नजर आते हैं तो वही दूसरी ओर अभाविप के कार्यकर्ता वर्षभर विद्यार्थियों के बीच रहकर उनकी सभी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। प्रवेश, परिसर, पाठ्यक्रम, परीक्षा व परिणाम जैसी सभी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अभाविप के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों की आवाज को गोवा विश्वविद्यालय परिसर में प्रखरता से बुलंद रखा जिसके परिणामस्वरूप सभी पदों पर समस्त विद्यार्थी समुदाय ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि, "अभाविप गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद के चुनाव में सभी 9 पदों पर जीते कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देती है। अभाविप की यह अभूतपूर्व जीत विद्यार्थी समुदाय में अभाविप के प्रति निरंतर बढ़ते विश्वास व लोकप्रियता की परिचायक है। वर्षभर अभाविप के कार्यकर्ता सम्पूर्ण मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता के साथ विद्यार्थियों की आवाज बुलंद कर उन्हें नेतृत्व देने का काम करते हैं। गोवा विश्वविद्यालय में हुई इस ऐतिहासिक जीत का सम्मान करते हुए निश्चित ही अभाविप वर्षभर छात्रहित में काम करते हुए शैक्षिक परिसर को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को कुशल नेतृत्व देने के लिए संकल्पित है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)